# कोटेशन आमंत्रण नोटिस (प्लंबर)

**SLC/Notice/2025/02** **जुलाई 02, 2025**

**श्याम लाल कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), जी.टी. रोड शाहदरा, दिल्ली, कॉलेज में प्लंबिंग रिपेयर के काम के लिए कुशल प्लंबर या जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) दिहाड़ी के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित करता है।**

| | |
|---|---|
| **प्रकाशन तिथि** | **02.07.2025** |
| **कोटेशन प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि** | **02.07.2025 (सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक)** |
| **कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | **14.07.2025 (शाम 4.00 बजे तक)** |
| **कोटेशन खोलने की तिथि** | **15.07.2025 (दोपहर 2.00 बजे )** |

**पात्रता आवश्यकताएँ**

**जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) / प्लंबर के पास निम्नलिखित दस्तावेज़ होने चाहिए और उन्हें कोटेशन के साथ प्रस्तुत करना होगा।**

1. **पैन कार्ड की प्रति ( Copy of Pan Card)**
2. **आधार कार्ड की प्रति ( Copy of Aadhar Card)**
3. **वचनबद्धता पत्र (Undertaking)**
4. **प्लंबर में प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) (Plumber Certificate, If Any)**

Address: G.T. Road, Shahdara, Delhi - 110032
Phone: 011- 35016514
Email: slcm@shyamlal.du.ac.in Website: www.slc.du.ac.in

# वचनबद्धता (Undertaking)

**प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency)**
**का पूरा नाम और पता**

______________________________________
______________________________________
______________________________________

**प्राचार्य**
**श्याम लाल कॉलेज**
**शाहदरा, दिल्ली – 110032**

**महोदय/महोदया,**

1. **मैं कॉलेज में प्लंबर के काम के लिए (दिहाड़ी के काम) में उल्लिखित और संबंधित गतिविधियों के लिए मूल्य बोली प्रस्तुत करता हूँ।**
2. **मैंने कोटेशन आमंत्रण नोटिस (प्लंबर) में निहित सभी नियमों और शर्तों की पूरी तरह से जांच की है और उन्हें समझा है, और उनका पालन करने के लिए सहमत हूँ।**
3. **मैं मूल्य बोली में दर्शाई गई दरों पर काम करने की पेशकश करता हूँ, सभी लागू करों को छोड़कर।**
4. **मुझे प्लंबर के काम का 3 साल का कार्यानुभव है ।**
5. **मैं कॉलेज में किसी भी तरह की आपत्तीजनक जनक कोई भी गतिविधि नहीं करुंगा, अगर ऐसा करता हूं तो कॉलेज मुझ पर कार्यवाहि करने के लिए स्वतंत्र है ।**
6. **मैं अपना काम मेहनत और ईमान दारी से करूंगा।**

**प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) का नाम ……………………………………………………..**

**हस्ताक्षर……………………………..**

**नियम और शर्तें**

1. प्लंबर/ जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) कोटेशन की दरें किसी भी कार्य दिवस में प्रिंसिपल, श्याम लाल कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), जी.टी. रोड, शाहदरा, दिल्ली-110032 के नाम से कॉलेज ऑफिस में निश्चित तिथि के अनुसार सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में भेजी जानी है।

2. प्लंबर/ जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) के बिलों से लागू सभी करों की कटौती की जाएगी।

3. कॉलेज किसी भी निविदा की देरी (यानी नियत तिथि के बाद) के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा 14/07/2025 को या उससे पहले शाम 4:00 बजे तक स्वीकार की जाएगी।

4. प्लंबर जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) को प्लंबिंग रिपेयर के काम काम का तीन साल का अनुभव होना चाहिए और इस बारे में स्व-घोषणा और वचनबद्धता प्रस्तुत करनी है।

5. कॉलेज में प्लंबिंग रिपेयर कार्य समय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक माना जाएगा और इस बीच आधे घंटे का लंच टाइम दिया जाएगा।

6. कॉलेज द्वारा कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं दिया जाएगा, केवल दिन-प्रतिदिन काम की दैनिक मजदूरी के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

7. प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency) द्वारा उद्धृत दरें एक वर्ष के लिए वैध होंगी।

8. काम करने के दौरान प्लंबर को अगर किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना होती है तो इस्मे कॉलेज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी और इस संबंध में कॉलेज द्वारा कोई भी मुआवजा भी नहीं दिया जाएगा।

9. अपूर्ण निविदाएं/कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें सीधे खारिज कर दिया जाएगा।

**10. बिल का भुगतान कार्य की गुणवत्ता और निरीक्षण के बाद किया जाएगा।**

**11. कॉलेज बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में कॉलेज का निर्णय अंतिम और सभी पर बाध्यकारी होगा।**

**12. यदि कोई मलबा या अपव्यय है तो उसे कॉलेज परिसर में संग्रहीत नहीं किया जाएगा। इसका निपटान कॉलेज प्राधिकरण के निर्देशानुसार, प्लंबर द्वारा तुरन्त किया जाएगा।**

**13. सभी प्रकार के औज़ार और मशीन, जो रिपेयर के काम में उपयोग होंगे प्लंबर को ही लेकर आने होंगे, कॉलेज से कोई औज़ार नहीं दिया जाएगा ।**

**कोटेशन को प्रिंसिपल, श्याम लाल कॉलेज को संबोधित किया जाना है।और लिफाफे पर " कोटेशन (प्लंबर) " लिखा होना चाहिए और सीलबंद लिफाफे में भेजी जानी है।**

**S/d**
**(प्रिंसिपल)**
**श्याम लाल कॉलेज**

**Date …………….**

# PRICE BID

| **Description** | **Amount** | **Remarks** |
|---|---|---|
| **प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency)**<br><br>Charges for Daily Wages (9.00 am to 5.30 pm)<br>दैनिक मजदूरी के लिए शुल्क (सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक) | | |
| **प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency)**<br><br>Charges for Hours Wages (Wages/Hours )<br>घंटों के हिसाब से मजदूरी के लिए शुल्क<br>(मजदूरी शुल्क / घंटा | | |

**हस्ताक्षर ………………….............................**

**प्लंबर/जनशक्ति एजेंसी (Manpower Agency)**

**का नाम ……………………………….................**

**मोबाइल नंबर ………………………………..**

**पता ……………………………………………**

**……………………………………………....**

**………………………………………………**